an>

Title: Need to conduct a high level investigation into use of alleged substandard material used in construction of post office building at Goregaon in Mumbai.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): अध्यक्ष महोदया, महाराष्ट्र राज्य के मुंबई के महत्वपूर्ण उपनगरीय क्षेत्र गोरेगांव में वर्ष 2009 में डाकघर की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया था। नई बनाई गई थी, लेकिन वह बिल्डिंग वर्ष 2015 में ही जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंच गई, जिस कारण इस बिल्डिंग को तोड़ दिया गया।

वर्तमान में गोरेगांव में असुविधाजनक स्थल पर किराए के भवन में डाक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, जिसके कारण स्थानीय लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह भी अत्यधिक चिंता का विषय है कि आर.सी.सी. बिल्डिंग, जिसकी सामान्य लाईफ 50-60 वर्ष के आस-पास होती है, लेकिन वह मात्र 6 वर्ष के अंदर ही कैसे बेकार हो गई। अब स्थिति यह है कि खाली पड़ी भूमि पर असामाजिक तत्व कब्जा बना कर सरकारी भूमि का अतिक्रमण किए हुए हैं।

अध्यक्ष महोदया, मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त बिल्डिंग के मात्र 6 वर्ष के अंदर ही जीर्ण-शीर्ण, बेकार होने की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने के साथ-साथ डाक विभाग की खाली भूमि को असामाजिक तत्वों के अतिक्रमण से मुक्त करवा कर वहां पर भविष्य में नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, आधुनिक तकनीक युक्त नई बिल्डिंग का निर्माण शीघ्र करवा कर दोषियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाई की जाए।

माननीय अध्यक्ष: डॉ. कुलमणि सामल, श्री शरद त्रिपाठी, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।